भारत सरकार

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय

(कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग)

* * *

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 764

(दिनांक 08.02.2024 को उत्तर के लिए)

प्रधानमंत्री द्वारा नियुक्ति पत्रों का वितरण

764. श्री राम नाथ ठाकुर :
श्री जावेद अली खान :

क्या **प्रधानमंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या प्रधानमंत्री ने 30 नवंबर, 2023 को सरकारी नौकरियों में चयनित 51,000 युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए हैं;

(ख) यदि हां, तो मंत्रालय/विभाग-वार उन रिक्तियों का ब्यौरा क्या है जिनके लिए उनका चयन किया गया है;

(ग) प्रधानमंत्री द्वारा अब तक वितरित किये गये नियुक्ति पत्रों की संख्या का ब्यौरा क्या है; और

(घ) मंत्रालय/विभाग-वार उन रिक्तियों का ब्यौरा क्या है जिनके विरुद्ध ये नियुक्ति पत्र वितरित किए गए हैं और उनके विज्ञापन की तारीखों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री (डॉ. जितेन्द्र सिंह)

(क) से (घ) : माननीय प्रधानमंत्री द्वारा दिनांक 22 अक्तूबर, 2022 को रोजगार मेले का शुभारंभ किया गया था और उसके बाद से ऐसे रोजगार मेलों का आयोजन, नियमित आधार पर किया गया है। चयनित उम्मीदवारों को माननीय प्रधानमंत्री द्वारा वर्चुअल रूप से संबोधित भी किया गया है।

रिक्त पदों के विरुद्ध भर्ती करना, एक सतत प्रक्रिया है। केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों तथा उनके संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों में रिक्तियां सेवानिवृत्ति, त्यागपत्र, मृत्यु और पदोन्नति आदि के कारण उत्पन्न होती हैं। रोजगार मेला से संबंधित कार्यक्रम देशभर में आयोजित किए जा रहे हैं तथा नवनियुक्त व्यक्तियों को केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों/केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (सीपीएसयू)/स्वायत्तशासी निकायों/सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों इत्यादि में शामिल किया जाता है। रिक्तियों/भर्तियों के ब्यौरों का रखरखाव, संबंधित मंत्रालयों/विभागों/संगठनों द्वारा किया जाता है।

*****